आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरित योग कार्यक्रम का आयोजन।
- पर्यटन विभाग ने कछुओं के संरक्षण पर कराया व्याख्यान का आयोजन।
- शिक्षा निदेशालय कल से मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव का आयोजन करेगा।
- निकोबार ज़िले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइट ने वन विभाग के सहयोग से टेलराबाद और गुप्तापाड़ा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हरित योग कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में योग के साथ–साथ वृक्षारोपण और सफाई अभियान भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में लगभग पचपन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम नेचर पार्क, हैडो और मरीना पार्क में आयोजित किए गए थे। जी बी पंत अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रणब कन्या आश्रम में बालिकाओं के लिए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने अंडमान एवं निकोबार पर्यावरण टीम के साथ मिलकर एक व्याख्यान का आयोजन किया, जिसका विषय हेचलिंग से आशा तकः द्वीपों में सतत पर्यटन के लिए कछुओं के घोसलें का लाभ उठाना। इस व्याख्यान को भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरू के प्रसिद्ध समुद्र जीव विज्ञानी प्रोफेसर डॉ. कार्तिक शंकर ने प्रस्तुत किया। सत्र में द्वीपों के कछुओं के घोसलों के स्थलों की पारिस्थितिकी और पर्यटन क्षमता का पता लगाया गया, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे संरक्षण प्रयासों को पर्यटन पहलों के साथ सामंजस्य पूर्ण ढंग से एकत्र किया जा सकता है। प्रो. शंकर ने समुद्री कछुओं के जीवन चक्र, द्वीपों में पाए जाने वाले महत्वपूर्ण घोसलों के बारे में विस्तार से बताया। सचिव ज्योति कुमारी ने ऑफ सीजन और वैकल्पिक पर्यटन रणनीतियों पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

इसरो ने कल उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रॉकेट प्रक्षेपण का सफल परीक्षण किया। उत्तर प्रदेश में इसरो का यह पहला परीक्षण है। यह परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। रॉकेट क शाम को पांच बजकर चौदह मिनट और तैंतीस सेकंड पर प्रक्षेपण किया गया और इसने जमीन से ऊपर एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। यह परीक्षण अक्टूबर—नवंबर में होने वाले एक बड़े आयोजन का एक हिस्सा था, जिसमें करीब नौ सौ युवाओं द्वारा निर्मित उपग्रहों का परीक्षण किया जाएगा। थ्रस्ट टेक इंडिया के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि यह आयोजन देश में बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करने के लिए किया जा रहा है। इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि अहमदाबाद में ड्रोन के जरिए किए गए पिछले परीक्षणों के विपरीत, यह पहली बार है जब उत्तर प्रदेश में रॉकेट के जरिए सीधे उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय सोलह से बाईस जून तक मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव श्री विजयपुरम स्थित स्टेट लाइब्रेरी में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। यह उत्सव विशेष रूप से छः से अट्ठारह वर्ष कक्षा एक से बारह के बच्चों के लिए बनाया गया है और इसका उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के युवाओं में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और साक्षरता कौशल को बढ़ाना है। इसमें कुछ कार्यक्रम जैसे कहानी सुनाने की कला, खजाने की खोज, शिल्प निर्माण, क्वीज़, नारा लेखन, समाचार वाचन और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग सहित कई आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी राज्य पुस्तकालय में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><>

ज़िला प्रशासन दक्षिण अंडमान ने शैक्षणिक संस्थानों के आस—पास तम्बाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और कब्जे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। सी ओ टी पी ए—2003 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्कूलों और कॉलेजों के आस—पास सौ मीटर के तम्बाकू निषेध क्षेत्र के भीतर निरीक्षण अभियान चलाया गया। ये अभियान भातुबस्ती, गाराचरमा और कालीकट जैसे भीड़—भाड़ वाले क्षेत्रों में चलाए गए। सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे भविष्य में ऐसी कोई भी गतिविधि न करें, जिससे उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। आम जनता अगर किसी दुकानदार द्वारा ऐसी गतिविधि को देखती है, तो वह घटना की सूचना पुलिस को दे सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगा।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कल विश्व रक्तदान दिवस के साथ–साथ उच्च रक्तचाप दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी   डॉ मीना नासिर, ने रक्तदान दिवस के बारे में जानकारी देते हुए इसकी आवश्यकता पर बल दिया।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. जूलियट जेम्स और स्वास्थ्य शिक्षक अरविंदो विश्वास ने भी इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। जी बी पंत अस्पताल के रक्त केन्द्र ने अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से विश्व रक्तदान दिवस मनाया। इस अवसर पर नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया और रक्तदान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ननकौड़ी ने अंडमान एवं निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी और स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ननकौड़ी के प्रभारी अधिकारी डॉ. लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल वाजपेयी ने किया। इस वर्ष का विषय गिव ब्लड–गिव होपः टूगेदर वी सेव्स लाइफ था। स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ और नागरिकों ने सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में कारदीप नौसेना कर्मियों, सरकारी विभागों और स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई। इनमें से कई ने स्वेच्छा से रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ज़िले के सभी गांव, स्कूल, बाजार, पार्क अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। यह पहल अट्ठारहवीं एन सी ओ आर डी बैठक के दौरान लिए गए संकल्पों के अनुरूप है, जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि स्वच्छता सामुदायिक कल्याण और नशामुक्त तथा व्यसनमुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता अभियान हर पन्द्रह दिन में चलाया जाएगा। प्रत्येक विभाग को इस सामूहिक मिशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अभियान में सभी संबंधित विभागों, आदिवासी परिषदों, स्कूल अधिकारियों, स्वास्थ्य संस्थानों और सबसे महत्वपूर्ण स्थानीय ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। डिप्टी कमिश्नर अमित काले ने सभी की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज में कल रन विद नेचर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें पुरूषों के लिए दस किलोमीटर की दौड़ और महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चार किलोमीटर की वॉकेथॉन शामिल थी। इस दौड़ का आयोजन चुनाभट्टा से नॉर्थबे, वापस चुनाभट्टा तक किया गया। इस कार्यक्रम में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेल निदेशक विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। विजेताओं को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई।

<><><><><><><>

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। आज का यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।  वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल–फ्री "एल्डर लाइन" हेल्पलाइन नंबर – 1 4 5 6 7 जारी किया गया है।

<><><><><><><>